हरिभूमि

# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 25 जून 2024

[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]


तापमान

अधिकतम 38.2 डिग्री

न्यूनतम 36.2 डिग्री

4

रेलवे के एक नियम से यात्री हो रहे परेशान अफसरों के पास भी नहीं कोई समाधान




**प्रवेश सूचना**

| | |
|---|---|
| BMLT (3 years) लैब टेक्नीशियन डिग्री | DMLT (2 years) लैब टेक्नीशियन डिप्लोमा |
| DXRT (3 years) एक्स-रे टेक्नीशियन | O.T. (1 years) ऑपरेशन थियेटर टेक्नीशियन |
| D.Pharma (3 years) डी.फार्मा | Ophthalmic ass. (2 years) नेत्र सहायक |

साध्य इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस

कुनकुरी 7580834000

अम्बिकापुर 7440435000

**बवासीर का आधुनिक इलाज**

अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा भर्ती की आवश्यकता नहीं

मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है

स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल

लायंस चौक, चाम्पा

**गुप्ता हॉस्पिटल**

**डॉ. शुभम् गुप्ता**

गुदा रोग विशेषज्ञ

संपर्क करें:- 7400009183


### कांसाबेल थाना क्षेत्र का मामला

# गौ हत्या के 8 आरोपियों को पुलिस ने किया रंगे हाथ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

सहरापानी घुघरीनाला के किनारे गौ हत्या करने वाले आठ आरोपियों को कांसाबेल पुलिस ने रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार सभी आरोपी न्यायिक अभिरक्षा में हैं।

**खास बातें**

- घुघरी नाला के पास आरोपियों ने की गौ हत्या
- पालीथीन में भरकर मांस बेचने की थी तैयारी

पुलिस से प्राप्त जानकारी के मुताबिक 23 जून रविवार की शाम लगभग 6.30 बजे मुखबिर से सूचना मिली, कि सहरापानी घुघरीनाला के किनारे में कुछ लोग खाने एवं विक्रय करने के उद्देश्य से गौवंश का वध कर उसका मांस काट रहे हैं। इस सूचना पर पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह द्वारा तत्काल उप पुलिस अधीक्षक सुरक्षा विजय सिंह राजपूत के नेतृत्व में टीम गठित कर आरोपियों के गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए। इस निर्देश के परिपालन में पुलिस टीम द्वारा मौके पर जाकर घेराबंदी कर इधर-उधर भाग रहे 1 सेबेस्टिन तिग्गा उम्र 33 वर्ष निवासी नयनगर कुसकुमताल सरहापानी थाना कांसाबेल 2 सनातन लकड़ा उम्र 31 वर्ष निवासी सरहापानी थाना कांसाबेल 3 पैकस लकड़ा उम्र 30 वर्ष निवासी सरहापानी कुसुमताल 4 संतोष लकड़ा उम्र 35 वर्ष निवासी सरहापानी कुसुमताल 5 उत्तम दान उम्र 53 वर्ष साकिन सरहापनी कुसुमताल 6 सुमन टोप्पो उम्र 46 वर्ष निवासी बहमा बस्तीपारा थाना कांसाबेल हाल मुकाम शांतिनगर कांसाबेल, 7 जुवेल दान उम्र 55 वर्ष निवासी थाना कांसाबेल जिला जशपुर (छग) एवं 8 विनित लकड़ा उम्र 40 वर्ष निवासी खौरा थाना आस्ता हाल संतोष मंदिर के सामने कांसाबेल को पकड़ा गया। आरोपियों द्वारा घुघरी नदी के किनारे एक सफेद रंग के बैल को काट कर उसका टुकड़ा-टुकड़ा कर खाने एवं बिक्री करने हेतु मांस का टुकड़ा 5 किलो क्षमता वाली 10 अलग-अलग प्लास्टिक की थैलियों कुल लगभग 50 किलो एवं एक प्लास्टिक बोरी में लगभग ⏭ शेष पेज 4 पर



पुलिस गिरफ्त में सभी 8 आरोपी।

# अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले में में हुई दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई है। पहली दुर्घटना हर्राकोना में व दूसरी दुर्घटना डोडकाचौरा में हुई।

सड़क दुर्घटना में लगातार लोंगो की जान जा रही है। बेलगाम होती सड़क दुर्घटना का आखिर अंत कब होगा। ताजा घटना जिला मुख्यालय से महज 8 से 10 किलोमीटर दूर हर्राकोना का है। हर्राकोना निवासी हेमंत और अरविंद साय की मोटर सायकल आपस में टकरा गई। दोनो को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया जहां इलाज के दौरान हेमंत की मौत हो गई है। दूसरी घटना सहर के डोडकाचौरा की है जहां नेशनल हाईवे 43 पर अज्ञात ट्रक द्वारा एक स्कूटी सवार को टक्कर मार दिया। घायल को तत्काल ट्रैफिक पुलिस की गाड़ी से जिला अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित किया गया। डोडकाचौरा में हुई दुर्घटना में मृतक की पहचान समाचार लिखे जाने तक नहीं हो पाई है।

**खास बात**

- लगातार जा रही लोगों की जान



### क्यों नही रुक रही सड़क दुर्घटना

सड़क दुर्घटना क्यों नही रुक रही है। सड़क दुर्घटना में हर साल सैकड़ों लोगों को मौत हो रही है, बताना जरूरी है कि मई तक पांच महीने का आंकड़ा बताता है कि जशपुर जिला सड़क दुर्घटना में सेंचुरी लगा चुका है। मई तक जशपुर जिले में सड़क दुर्घटनाओं 103 मौतें हो चुकी है। जानकारों का मानना हैं कि जशपुर जिला आदिवासी बहुल होने के कारण शराब बहुत बड़ा कारण है।

### शराब मुख्य कारण

शराब पीकर वाहन चलाने की शिकायतें बहुत ज्यादा आ रही है, पुलिस द्वारा शराब की मात्रा मापने वाली मशीन से चेकिंग की जा रही है। पुलिस की कोशिश रहेगी कि सड़क दुर्घटना को रोकी जाए।

**-शशि मोहन सिंह सिंह**
पुलिस अधीक्षक जशपुर

**खबर संक्षेप**

### श्री नदी पर पुल का निर्माण कार्य प्रारंभ



**जशपुरनगर।** समाचार पत्रों में प्रकाशित खबर 4.65 करोड़ का पुल बनने के बाद भी बरसात में रपटा से होगी आवाजाही, क्योंकि एप्रोच रोड नहीं के संबंध में लोक निर्माण सेतु निर्माण विभाग के अनुविभागीय अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि दुलदुला से डीपाटोली मार्ग पर श्री नदी पर पुल एवं पहुंच मार्ग निर्माण का ले-आउट कर कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

### जनहानि के एक मामले में 4 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामलों में प्रभावित परिजन हेतु आरबीसी 6-4 के तहत 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। जिसमें फरसाबहार तहसील अंतर्गत ग्राम गंडियाडीह निवासी जनक सिंह का आग से जलने से 06 दिसम्बर 2020 को मृत्यु हो जाने पर मृतक निकटतम वारिस मृतक के पत्नी धनकुंवेर सिंह हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### न्यायालय में सुनवाई का दिन एवं समय निर्धारित

**जशपुरनगर।** जशपुर एसडीएम प्रशांत कुशवाहा ने जशपुर अनुविभाग अंतर्गत तिथिवार अधिकारियों के न्यायालय में सुनवाई हेतु उपस्थित रहने की जानकारी देते हुए बताया है कि जशपुर अनुविभागीय अधिकारी न्यायालय में सोमवार, बुधवार और गुरूवार को 11.00 बजे से 4.00 बजे तक सुनवाई के लिए पीठासीन अधिकारी उपस्थित रहेगें। इसी प्रकार तहसीलदार न्यायालय जशपुर में सोमवार, बुधवार, गुरूवार, शुक्रवार, तहसीलदार न्यायालय मनोरा में सोमवार, बुधवार, शुक्रवार तथा नायब तहसीलदार न्यायालय जशपुर एवं नायब तहसीलदार न्यायालय जशपुर 2 में सोमवार, बुधवार, गुरूवार और शुक्रवार को 11.00 बजसे से 4.00 बजे तक सुनवाई के लिए पीठासीन अधिकारी उपस्थित रहेगें।

### जिले में 1 जून से अब 41.5 मिमी वर्षा

**जशपुरनगर।** जशपुर जिले में 1 जून से अब तक 41.5 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 24 जून तक औसत वर्षा 110.0 मिमी हुई है। बीते दिवस जिले में 0.2 मिमी वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसील जशपुर में 27.8 मिमी, मनोरा में 44.7 मिमी, कुनकुरी में 35.0 मिमी, दुलदुला में 16.5 मिमी, फरसाबहार में 26.9 मिमी, बगीचा में 98.1 मिमी, कांसाबेल में 51.6 मिमी, पत्थलगॉव में 27.5 मिमी, सन्ना में 82.0 मिमी एवं बागबहार में 5.2 वर्षा हो चुकी है।

# विधायक गोमती ने अपने नए घर में किया प्रवेश



गृह प्रवेश के समय विधायक के साथ उनके समर्थक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

क्षेत्रीय विधायक गोमती साय अपने नए निवास में फीता काटकर प्रवेश किया। भारतीय जनता पार्टी के आठो मंडल के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओ व आमजन की उपस्थिति में अपने नए निवास में प्रवेश किया। श्रीमती साय अब सप्ताह में दो दिन यहां रह कर क्षेत्र की जनता रूबरू होंगी।

**खास बात**

- अब सप्ताह में दो दिन यहां रहेगी विधायक

जब से विधानसभा चुनाव सम्पन्न हुआ था तब से यहां के लोगो को अपने कार्य के लिए क्षेत्र विधायक गोमती साय के घर मुंडाडीह जाना पड़ रहा था। लगातार आमजन की मांग पर विधायक गोमती साय ने यही रह कर लोगो की समस्याएं सुनने व निराकरण करने का निर्णय लेकर यहां अपना कार्यालय व निवास खोला का शुभारंभ किया। लगभग 2 से 3 हजार कार्यकर्ताओं के बीच कार्यक्रम शुरू करते हुए विधायक गोमती साय ने मां भारती और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर फूल माला पहना व दीप प्रज्जवलित किया। सथ ही इस मौके पर उन्होंने पत्थलगांव मंडल अध्यक्ष अनिल मित्तल, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष चमर साय, लुड़ेग से रोशन प्रताप सिंह, कांसाबेल से गणेश जैन, महादेव ढांड से लक्खु राम नाग, डोकडा से दिनेश चौधरी, बागबहार से कमलजीत सिंह, कोतबा से सावरिया अग्रवाल, एवं भाजपा के आठो मंडल प्रभारी पत्थलगांव से मनीष अग्रवाल , ग्रामीण मंडल से प्रभारी हरजीत सिंह भाटिया, दोकडा से विजय शर्मा, कांसाबेल से मुकेश शर्मा, कोतबा से आंनद शर्मा, लुड़ेग से पुरषोत्तम सिंह, बागबहार से सुनील अग्रवाल, महादेव ढांड से अरविंद गुप्ता पत्थलगांव भाजपा महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती अंजू टोप्पो एवं अन्य कार्यकर्ताओं का सम्मान किया।

# आकाशीय बिजली से झुलसे पति-पत्नी



**जशपुरनगर।** कोतबा चौकी क्षेत्र के खाड़ामाचा के जंगल में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से पति-पत्नी गंभीर झुलस गए है। दोनों को सिविल अस्पताल पत्थलगांव में भर्ती कराया गया है। वहां दोनों का इलाज जारी है। कुकुरगांव निवासी फूलों मनी लकड़ा और उनका पति श्री लकड़ा दोनों पुटू चुनने के लिए खाड़ामाचा जंगल गए थे। इसी बीच तेज गर्जना के साथ झामाझम बारिश हुई। बारिश से बचने के लिए एक पेड़ के नीचे खड़े हो गए। इस दौरान आसमान से आकाशीय बिजली गिरने से दोनों पति पत्नी झुलस गए। इसकी जानकारी परिजन को होने पर अनान-फानन में दोनों को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां दोनों पति-पत्नी की इलाज जारी है।

- सिविल अस्पताल में इलाज जारी

# नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

नाबालिग को बहला कर भगा ले जाने के बाद दुष्कर्म करने के आरोपी को रायगढ़ के कापू से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

थाना बागबहार क्षेत्र निवासी 55 वर्षीय पिता ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी,कि 14 जून को कोई अज्ञात व्यक्ति उसकी 16 वर्षीय नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगाकर ले गया है, प्रार्थी की रिपोर्ट पर धारा 363 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की विवेचना दौरान मुखबिर की सूचना एवं सायबर सेल के सहयोग से अपहृता एवं संदेही के कापू (रायगढ़) में होने की जानकारी मिलने पर पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह को अवगत कराया गया एवं एसडीओपी पत्थलगांव ध्रुवेश कुमार जायसवाल के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर पतासाजी हेतु कापू के लिये रवाना किया गया, पुलिस के दबाव में आकर प्रकरण का अभियुक्त खगेश्वर गिरी अपहृता को लेकर कापू से दूसरे जगह भागने के लिये बस स्टैंड में आया था, जिसे पुलिस द्वारा घेराबंदी कर अभिरक्षा में लेकर थाना लाया गया एवं अपहृता को उसके परिजनों को सौंपा गया। महिला पुलिस अधिकारी से पूछताछ करने पर पीड़िता ने बताई कि 14 जून को खगेश्वर गिरी उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ लैलूंगा ले गया एवं वहां एक घर में रखकर दुष्कर्म किया फिर 15 जून को कापू ले गया एवं वहां 21 जून तक अपने साथ रखकर कई बार दुष्कर्म किया है। प्रकरण में खगेश्वर गिरी के विरूद्ध 366, 366(क), 376(2)(एन) एवं 4, 6 पॉक्सो एक्ट का अपराध जोड़ा गया। प्रकरण में पर्याप्त अपराध सबूत पाये जाने पर अभियुक्त खगेश्वर गिरी उम्र 20 साल निवासी भैंसबुड़ी थाना लैलुंगा जिला रायगढ़ को 22 जून को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। प्रकरण की विवेचना कार्यवाही एवं आरोपी की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी बागबहार निरीक्षक सरोज टोप्पो, बूटा सिंह, अनिल कष्यप, आलोक टोप्पो, अरूण एक्का, शारदा नाग, तुलसी कोसले का सराहनीय योगदान रहा है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी

# दल्हा पहाड़ आने जाने वालों का नाम रजिस्टर में किया जाएगा संधारित

**अकलतरा।** अकलतरा स्थित पर्यटन स्थल दल्हा पहाड़ में आने जाने वालों का नाम अब रजिस्टर में संधारित किया जाएगा। इस तरह का निर्णय मंदिर परिसर में तोड़फोड़ की हुई घटना को लेकर लिया गया है। साथ ही सीसी टीवी कैमरे भी लगाए जाएंगे।

गौरतलब है कि दलहा पहाड़ की चोटी पर बजरंग दल के द्वारा स्थापित बजरंगबली की प्रतिमा एवं शिवलिंग सहित धार्मिक स्थल पर 18 जून को असामाजिक तत्वों के द्वारा तोड़फोड़ की घटना से आक्रोशित क्षेत्र वासियों द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर 19 जून को थाने का घेराव कर दिया गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन के द्वारा एसडीएम कार्यालय के सभा कक्ष में क्षेत्र वासियों की बैठक आयोजित कर को समझाइश दी गई थी। घटना की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए रविवार 23 जून को फिर से दलहा पहाड़ स्थित केराचूआं के मुनि आश्रम में एसडीएम विक्रांत अंचल, तहसीलदार प्रियंका बंजारा, नायब तहसीलदार शालिनी तिवारी ,थाना प्रभारी दिनेश यादव की उपस्थिति में क्षेत्र वासियों की बैठक आयोजित की गई। क्षेत्र वासियों को संबोधित करते हुए एसडीएम विक्रांत अंचल ने कहा कि घटना के दोषियों को जल्द पकड़कर कड़ी कार्रवाई करने के साथ-साथ घटना की पुनरावृति को रोकना हमारी प्राथमिकता में है। उन्होंने थाना प्रभारी दिनेश यादव को मुनि आश्रम में सीसीटीवी कैमरा लगाकर मुनि आश्रम आने वाले एवं दलहा पहाड़ चढ़ने वाले लोगों का नाम रजिस्टर में संधारित किए जाने निर्देशित किया। थाना प्रभारी दिनेश यादव के द्वारा क्षेत्र वासियों को आस्वस्त किया कि जल्द ही दोषियों को पकड़ लिया जाएगा। हिंदू समाज की ओर से डबरा मठ कोटमीसोनार के महंत सर्वेश्वर दास, नरेंद्र साहू, मनोज मिश्रा,सत्तू साहू ,रोहित सारथी, पुरषोत्तम नामदेव, सुबोध थवाईत ,राकेश शर्मा, ईश्वर साहू ,छोटू कश्यप दीपक पटेल एवं अन्य लोगों के द्वारा घटना के आरोपियों को जल्द पकड़ कर कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की गई। उन्होंने कहा कि दोषियों को पुलिस एवं प्रशासन द्वारा शीघ्र नहीं पकड़ा जाता है तो सर्व हिंदू समाज के द्वारा आंदोलन किया जाएगा।



बैठक में शामिल अफसर एवं ग्रामीण।

# छत्तीसगढ़ ड्राइवर महा संगठन ने निकाली जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिला मुख्यालय में छत्तीसगढ़ ड्राइवर महा संगठन के तत्वाधान में जागरूकता सभा और रैली का आयोजन किया गया। जिसमे जिले भर से ड्राइवरों ने भाग लिया है।

इस सभा में प्रांतीय अध्यक्ष प्रीतम सेन, जिलाध्यक्ष किरण यादव, ब्लॉक अध्यक्ष राजु ठाकुर के साथ ही जिले भर के ड्राइवरों ने हिस्सा लिया। एक सवाल के जवाब में जिला अध्यक्ष ने बताया की हम लोग सभी ड्राइवर से निवेदन कर रहे है की जब तक प्रशिक्षण पूरा नही होता है तब तक गाड़ी न चलाएं जिससे दुर्घटना से बचा जा सके।




### प्रीतम सेन प्रांतीय अध्यक्ष ड्राइवर महा संगठन

हम आम लोगों को उनके गंतव्य तक सुरक्षित पहुंचने का काम करते है। फिर भी हमें दृष्टि से देखा जाता है हमर कोई भी साथी शराब पीकर गड़ी न चलाए और न ही किसी के साथ भी गलत व्यवहार करे इन्ही सब बातों को लेकर हमने जागरूकता सभा ओर रैली निकाले है। साथ ही एक ज्ञापन प्रशासन को दिया गया है हम बैच और ड्रेस कोड दिया जाए। जिससे विपरित परिस्थितियों में सत्यता की पहचान की जा सके।

## नदी नाले पर एनीकट निर्माण कर की जाएगी जल आपूर्ति

# जल संकट से निबटने विधायक ने तैयार किया मास्टर प्लान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जशपुर विधानसभा क्षेत्र के नदी और नालों पर एनीकट का निर्माण कर शहर से लेकर सुदूर ग्रामीण अंचल तक व्याप्त जल समस्या का निराकरण किया जाएगा। जशपुर की विधायक रायमुनि भगत की पहल पर लोक स्वस्थ यांत्रिकी विभाग (पीएचई) ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है।

**खास बात**

- अनेक क्षेत्रों में बोरवेल असफल हो रही

योजना को मूर्त रूप देने के लिए विधायक रायमुनि भगत,पीएचई के मुख्य कार्यपालन यंत्री एसबी सिंह के साथ नल जल योजना के तहत एनीकट निर्माण के लिए संभावित स्थानों का निरीक्षण किया। विधायक रायमुनि भगत ने बताया कि जिले में जल समस्या अब भी गंभीर बनी हुई है। राष्ट्रीय जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार का लक्ष्य हर घर तक स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना है। लेकिन इसमें सबसे अधिक समस्या विधानसभा क्षेत्र के कई क्षेत्रों में बोरवेल के विफल होने से हो रही है। उन्होनें बताया कि विशेष कर जिले के मनोरा,बगीचा और जशपुर ब्लाक के पठारी क्षेत्रों में यह समस्या आ रही है। इसलिए उन्होनें इन क्षेत्रों में उपस्थित प्राकृतिक जल संसाधनों का बेहतर उपयोग और इन्हें विकसीत कर,जल समस्या को निराकृत करने की वृहद योजना बनाई है। इस योजना में क्षेत्र में मौजूद नदी और नाले में एनीकट का निर्माण कर,पानी टंकी के माध्यम से ग्रामीणों को पानी उपलब्ध कराया जाएगा।

एनीकट के आसपास वृहद पौधा रोपण कर प्रस्तावित नदी और नाले को संरक्षित और संवर्धित किया जाएगा ताकि आने वाली पीढ़ी के लिए जल संरक्षण किया जा सके। जल समस्या के स्थायी समाधान के लिए तैयार हो रहे इस महत्वाकांक्षी योजना को मूर्त रूप देने के लिए इन दिनों विधायक रायमुनि भगत,पीएचई के ईई के साथ संभावित स्थलों का सघन दौरा कर रही है। उन्होनें पंडरापाठ के गेउर नाला, भड़िया के दरा ओघाघ, ग्राम पंचायत भड़िया के ही सुईयालात में स्थित कुरकुरिया नाला, ग्राम पंचायत कवई के सूर्यानाला,ग्राम पंचायत फूलझर और सन्ना के डूमरकोना का निरीक्षण कर, एनीकट निर्माण कर जल आपूर्ति की संभावनाओं को तलाशा जा रहा है।



संभावना तलाशने अधिकारियों के साथ स्थल निरीक्षण में जुटी विधायक।

# हाईटेंशन तार की चपेट में आकर दो ग्रामीणों की मौत

**सूरजपुर।** खेत में फसलों की जानवरों से रक्षा के लिए लगाए गए झटका मशीन के तंरगीत तार की चपेट में आकर दो किसानों की मौत हो गई।

ग्रामीणों ने अपने खेतों की रक्षा के लिए झटका मशीन लगाया था लेकिन उसे हाईटेंशन तार से किसने जोड़ दिया यह अब तक पता नहीं चल पाया है। सुबह खेत में दोनों का शव देखकर ग्रामीणों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शवों को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है और घटना की जांच की जा रही है। बड़ी बात यह है कि अब ग्रामीण खुलेआम इस तरह से झटका मशीन का उपयोग कर रहे है और इसकी जानकारी पुलिस व प्रशासन को नहीं है। बताया जा रहा है कि ग्राम पंचायत तेलसरा चंद्रपुर निवासी 55 वर्षीय घरभरन नेताम व 54 वर्षीय प्राण मार्कों पडोसी है और दोनों किसानों ने अपने खेतों में उड़द दाल की बोआई की है। दोनों ही किसानों ने अपने खेतों की मवेशियों और जंगली जानवरों से रक्षा के लिए चारों ओर तार का जाल बिछाकर झटका मशीन लगाया गया है। आज सुबह दोनों ग्रामीण अपने खेत में लगाए गए उड़द दाल को देखते ने किए गए थे लेकिन वे वापस नहीं लौटे। इस दौरान खेत की तरफ से गुजर रहे ग्रामीणों को दोनों किसानों का शव खेत में पड़ा मिला। ऐसे में उन्होंने तत्काल घटना की जानकारी पुलिस को दी।

24-Jun- Jash-CORIYA-RAG-Bhoomi pg-2_Layout 1 6/24/2024 8:21 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### एसजीजीयू ने यूजी में प्रवेश के लिए खोला पोर्टल, पंजीयन 30 तक

**अम्बिकापुर।** संत गहिरा गुरू विवि ने नवीन शिक्षा सत्र के लिए स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश की प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी है। विवि ने प्रवेश पंजीयन के लिए अपना पोर्टल खोला है। विद्यार्थी अपने पसंद के कॉलेजों में प्रवेश लेने के लिए एसजीजीयू के पोर्टल पर 30 जून तक आवेदन कर सकते हैं।इस बार नई शिक्षा नीति के तहत सभी कॉलेजों में 4 वर्षीय पाठ्यक्रम प्रारम्भ किया गया है। प्रायोगिक तौर पर शासन ने इस पाठ्यक्रम को प्रदेश के स्वशासी कॉलेजों में प्रारम्भ किया था। राजीव गांधी पीजी कॉलेज में भी चार वर्षीय पाठ्यक्रम संचालित हो रहा था। पीजी कॉलेज पिछले दो वर्षों से स्वयं के पोर्टल पर प्रवेश के लिए आवेदन मंगा रहा था। अब सभी कॉलेजों में एक समान पाठ्यक्रम संचालित होने के कारण पीजी कॉलेज पीजी कॉलेज सहित एसजीजीयू से सम्बद्ध संभाग के सभी 86 शासकीय एवं अशासकीय कॉलेजों में प्रवेश के लिए विद्यार्थियों को एसजीजीयू के पोर्टल पर पंजीयन कराना होगा। पंजीयन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद विवि संबन्धित कॉलेजों को विद्यार्थियों की सूची भेजेगा। कॉलेज प्रावीण्य सूची के आधार पर प्रवेश देंगें। कुल सचिव डॉ.एसपी त्रिपाठी ने बताया कि आवश्यकता पड़ी तो आवेदन की तिथि बढ़ाई जाएगी लेकिन हर हाल में 14 अगस्त के पूर्व प्रवेश की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। इस सम्बंध में प्राचार्यों को भी विभिन्न माध्यमों से विद्यार्थियों को सूचना देने के लिए कहा गया है ताकि समय पर प्रवेश की प्रकिया पूरी की जा सके।

### राशन कार्ड का नवीनीकरण ई-केवाईसी 30 तक

**बलरामपुर।** जिला खाद्य अधिकारी ने बताया है कि राज्य शासन के निर्देशानुसार सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत राज्य में प्रचलित राशन कार्डो के नवीनीकरण एवं ई-केवाईसी के लिए 30 जून अंतिम तिथि निर्धारित किया गया है। राशन कार्ड का नवीनीकरण एवं ई-केवाईसी कराने के लिए राशन कार्ड में शामिल कम से कम एक सदस्य का ई-केवाईसी पूर्ण हो। ऐसे हितग्राही जो शारीरिक रूप से निःशक्त हैं तथा उनके लिए नॉमिनी नियुक्त हैं उन्हें इस प्रावधान से छूट होगी। उन्होंने बताया कि सर्वप्रथम हितग्राही को खाद्य विभाग के वेबसाइट में जाकर राशन कार्ड नवीनीकरण एप को अपने मोबाइल में डाउनलोड कर नियमानुसार दो विकल्प में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। खाद्य विभाग के एप के माध्यम से राशन कार्ड में उपलब्ध क्यूआर कोड को स्कैन कर आवेदन प्रस्तुत किया जा सकता है। इसके अलावा उचित मूल्य दुकान संचालक के टेबलेट, मोबाइल में इंस्टॉल विभागीय एप के जरिए क्यूआर कोड स्कैन कराकर अथवा अपना राशनकार्ड नंबर तथा मोबाइल नंबर दर्ज कराकर आवेदन प्रस्तुत किया जा सकता है। ऑफलाइन मोड पर इलेक्ट्रॉनिक आवेदन प्रस्तुत करने के साथ-साथ आवेदक द्वारा लिखित आवेदन भी उचित मूल्य दुकान में जमा करना होगा। नवीनीकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत करने के 30 दिवस के भीतर आपके ग्राम पंचायत, नगरीय निकाय के माध्यम से सामान्य (एपीएल) कार्ड को छोड़कर शेष सभी कार्ड निःशुल्क प्रदाय किया जाएगा। सामान्य (एपीएल) कार्ड हेतु 10 रुपये की राशि निर्धारित है। नया राशनकार्ड प्राप्त करते समय वर्तमान में हितग्राही के पास उपलब्ध पुराना राशनकार्ड समर्पित किया जाएगा। जिला खाद्य अधिकारी ने जिले के राशन कार्डधारियों से कहा है कि राशन कार्ड में शामिल सभी सदस्यों का ई-केवाईसी का कार्य 30 जून 2024 तक अवश्य पूर्ण कराएं।

### शौण्डिक समाज के प्रदेश अध्यक्ष का किया गया भव्य स्वागत



**कुसमी।** नगर पंचायत कुसमी में छत्तीसगढ़ के शौण्डिक समाज के प्रदेश अध्यक्ष शिवरतन प्रसाद गुप्ता के आगमन पर शौण्डिक समाज के पदाधिकारियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। ब्लाक के अध्यक्ष अरुण गुप्ता के निवास पर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान प्रदेश अध्यक्ष शिवरतन प्रसाद गुप्ता ने कहा कि जिस प्रकार जिला बलरामपुर में शौण्डिक समाज का भवन निर्माण हो रहा है उसी प्रकार कुसमी में भी सभी को मिलकर शौण्डिक समाज के सामाजिक भवन निर्माण कराना है। उन्होंने समाज के उत्थान एवं विकास के साथ एकजुटता एवं एक दूसरे की सहायता करने की बात कही। शौण्डिक समाज के ब्लॉक अध्यक्ष अरुण गुप्ता ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष के प्रथम नगर आगमन से समाज के लोगों को नई ऊर्जा मिली है जिससे अब समाज के विकास के लिए और तेजी से कार्य हो सकेंगे। बैठक के दौरान शौण्डिक समाज के जनक देव गुप्ता, श्याम बिहारी गुप्ता, बृजमोहन गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, बीके गुप्ता, सुनील गुप्ता, आलोक गुप्ता, दशरथ गुप्ता, विशाल गुप्ता, विवेक गुप्ता सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

### कल्याणपुर में अज्ञात महिला की नाला में पड़ी मिली लाश

**बिश्रामपुर।** लटोरी पुलिस चौकी के ग्राम कल्याणपुर खुठहेनपारा स्थित चंबोथी नाला में रविवार को एक चालीस वर्षीया अज्ञात महिला का शव पानी में सड़े गले हाल में पुलिस ने बरामद किया है। लटोरी चौकी प्रभारी विराट बिशि ने बताया कि कल्याणपुर सरपंच पति कि सूचना पर पुलिस ने एफ एस एल टीम के साथ मौके पर पहुंच ग्रामीणों के सहयोग से महिला का शव पानी से बाहर निकालकर शव का पंचनामा व पीएम की कार्यवाही पूरी कराते हुए शव की वीडियोग्राफी करने के बाद दफना दिया गया है।मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।पुलिस ने बताया कि शव चार से पांच दिन पुराना होने के कारण एवं पानी में पड़े रहने से फूल कर सड़ चुका था जिससे उसकी पहचान नहीं हो सकी है ।

---

ननि एवं पीएमजीएसवाई ने बना दी सड़कें

# विद्युत विभाग की भूमि में अवैध अतिक्रमण के कारण अटका 33 केवी फीडर विस्तार का कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बातें**

- अन्य लोगों ने भी जमा लिया है कब्जा
- फीडर विस्तार से मिलेगी अघोषित कटौती से मुक्ति

शासन द्वारा शहर के बिशुनपुर में विद्युत वितरण कंपनी को आवंटित भूमि में अवैध अतिक्रमण के 132 केवी एवं 33 केवी के विस्तार का कार्य अटक गया है। विभाग पिछले पांच सालों से लगातार भूमि का सीमांकन कर रहा है लेकिन राजस्व कर्मी विवाद का निवारण करने के बजाय भूमि की स्थिति को ही बदल दे रहे हैं। इधर आवंटित भूमि को लेकर विवाद होने के कारण विस्तार का कार्य आगे नहीं बढ़ पा रहा है।

शहर में लगातार बढ़ रही विद्युत खपत एवं आए दिन हो रही अघोषित विद्युत कटौती से बचने के लिए विद्युत वितरण कंपनी ने शहर सहित पूरे सरगुजा में अधिक क्षमता का विद्युत उपकेन्द्र की स्थापना करने की योजना बनाई है तथा विभाग को विद्युत वितरण केन्द्रों की स्थापना के लिए स्थल चिन्हांकित करने निर्देशित किया है। जब तक भूमि आवंटन की प्रक्रिया पूरी नहीं होती प्रस्तावित योजनाओं की स्वीकृति संभव नहीं है। विद्युत आपूर्ति में आए दिन आ रहे व्यवधान के कारण विभाग काफी दबाव में है। शासन द्वारा विद्युत वितरण कंपनी को विशुनपुर में खसरा क्रमांक 28/26 एवं 38/11 रकबा 1.69 एवं 1.043 हेक्टेयर कुल 2.66 हेक्टेयर भूमि वर्षों पूर्व आवंटित किया गया है। आवंटित भूमि के आधे हिस्से में पूर्व से विद्युत उपकेन्द्र संचालित है। विभाग ने खसरा क्रमांक 38/17 के 1.69 हेक्टेयर में स्वीच यार्ड का विस्तार करने फेसिंग को शिफ्ट करने की योजना बनाई है लेकिन भूमि में आंबा केन्द्र सहित अन्य अवैध निर्माण होने के कारण योजना पर ब्रेक लग गया है।



विभाग की भूमि में बने अवैध मकान।

**विभाग भी बेपरवाह**

शासकीय विभाग किस तरह शासन की राशि का दुरूपयोग करते हैं यह विद्युत वितरण कंपनी को आवंटित भूमि में किए गए निर्माण कार्यों से अनुमान लगाया जा सकता है। ननि ने स्थिति की जानकारी लिए बिना ही विभाग की भूमि 7 मीटर चौड़ी सड़क बना दी। प्रशासन द्वारा इसी भूमि में आबां भवन का निर्माण कराया गया है। प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत विभाग द्वारा भूमि के बीच से केशवनगर-सांडबार सड़क का निर्माण किया गया है। भूमि के बड़े क्षेत्र में अतिक्रमण कर इंदिरा आवास एवं अन्य घरों का निर्माण किया गया है। विद्युत अधिकारी स्वयं के व्यय से दूसरी सड़क बनाने के लिए ननि एवं पीएमजीएसवाई की अनापत्ति लेने कार्यालयों का चक्कर लगा रहे हैं लेकिन अधिकारी अनापत्ति भी नहीं दे रहे हैं। जल्द विवाद का निराकरण नहीं हुआ तो विद्युत विस्तार का कार्य खटाई में पड़ सकता है।

**तीन फीडर का विस्तार प्रस्तावित**

विभाग की योजना स्वीच बोर्ड का विस्तार एवं फेंसिंग शिफ्टिंग करने के साथ ही 132 केवी एवं 33 केवी का तीन फीडर विस्तार करने की योजना है। एक फीडर से नवापारा खदान, दूसरे फीडर से मेडिकल कॉलेज एवं तीसरे फीडर से शहर में विद्युत आपूर्ति करने का प्रस्ताव है। वर्तमान में एकमात्र 33 केवी उपकेन्द्र से आपूर्ति होने के कारण कई बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है। प्रस्तावित विस्तार से ये बाधाएं खत्म हो जाएगी।

**किया जा रहा संपर्क**

स्वीच बोर्ड विस्तार की बाधाओं के निराकरण के लिए सम्बंधित विभाग के अधिकारियों एवं अतिक्रमणकारियों से नियमित संपर्क किया जा रहा है। वरिष्ठ अधिकारियों से इस संबंध मे पत्राचार भी किया गया है। अनापत्ति मिलने पर स्वयं के व्यय से सड़के बनाने का प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा।

-रंजना खलखो
ईई, ट्रांसमिशन, विद्युत वितरण कंपनी

---



## जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कलेक्टर एसपी ने किया जेल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गोविंद नारायण जांगडे, कलेक्टर रोहित व्यास व पुलिस अधीक्षक एमआर आहिरे ने आज जिला जेल का निरीक्षण किया गया। उनके द्वारा कारागार में व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों से जानकारी ली तथा बंदियों के बैरक में जाकर उनसे चर्चा कर उनकी समस्याओं को सुनते हुए जेल अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बीमार बंदियों के स्वास्थ्य संबंधी हालचाल लिए गए और रसोई घर का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सीसीटीवी कैमरा, बैरकों की स्थिति, भोजनालय, स्नानघर, शौचालय, चिकित्सा व्यवस्था आदि बिंदुओं पर बारीकी से अवलोकन किया गया। इस दौरान डायमंड कुमार गिलहरे, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, डाली ध्रुव सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## आए दिन ट्रेनों की लेट लतीफी से यात्रियों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

सरगुजा नागरिक अधिकार मंच द्वारा प्रधानमंत्री कार्यालय व रेलवे बोर्ड के सीईओ को पत्र लिख ट्रेनों की लेटलतीफी से यात्रियों को हो रही असुविधाओं से अवगत कराते हुए इनके व्यवस्थित संचालन कराने की मांग की है।

पीएमओ व रेलवे बोर्ड के सीईओ को भेजे पत्र में सरगुजा नागरिक अधिकार मंच ने उल्लेख किया है कि सरगुजा पिछड़ा हुआ आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है जहां आवागमन के सीमित साधन ही उपलब्ध हैं, सरगुजा संभाग में कोयला प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है, कोयला खदानों के कारण देश के अलग अलग कई प्रांतों के नागरिक यहां निवास करते है जो खदानों में कार्यरत है अथवा कुछ की जीविका इस पर निर्भर है, इन्हें मूल निवास आने जाने सहित स्थानीय लोगों को पढ़ाई, चिकित्सा के लिए रायपुर, बिलासपुर अथवा नागपुर आने जाने में भारी असुविधाओ का सामना करना पड़ता है जिसकी मुख्य वजह ट्रेनों की लेटलतीफी से संचालन है।

- सरगुज़ा नागरिक अधिकार मंच ने पीएमओ एवं रेलवे बोर्ड को लिखा पत्र

अम्बिकापुर से संचालित होने वाली 18242 अम्बिकापुर दुर्ग एक्सप्रेस जो अम्बिकापुर से रात्रि साढ़े दस बज चलकर जिसका रायपुर पहुँच समय दूसरे दिवस प्रातः आठ पैंतीस बजे है यह गाड़ी अक्सर विलंब से रायपुर पहुंचती है जिस कारण सरगुजा, सूरजपुर, कोरिया, मनेन्द्रगढ़ के यात्रियों को गंतव्य से आगे की यात्रा करने में भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। उक्त ट्रेन के विलम्ब से रायपुर पहुंचने से दक्षिण भारत, मुम्बई व उत्तर भारत की गाड़ियां छूट जाती है जिससे सरगुजा के नागरिक अपने आपको ठगा महसूस करते हैं। साथ ही प्रातः हवाई यात्रा के माध्यम से देश के विभिन्न शहरों के यात्रा से लोग वंचित रह जाते हैं। वही प्रतियोगी परीक्षा के विद्यार्थियों को भी ट्रेनों की लेट लतीफी से कई बार परीक्षा से वंचित होना पड़ जाता है जो आर्थिक व मानसिक रुप से प्रताड़ित होते हैं। ट्रेनों के समय पर नही पहुंचने से मेडिकल जांच,अस्पताल में दिखाने व नंबर लगाने की सुविधा से वंचित रह जाते हैं।पत्र में नागरिक अधिकार मंच ने उल्लेख किया है कि यदि अम्बिकापुर दुर्ग ट्रेन अगले दिन प्रातः सात बजे रायपुर पहुंच जाए तो जोन की प्रमुख गाड़िया यात्रियों को आगे की यात्रा के लिए मिल जाएंगी जिससे उनकी यात्रा सुगम हो जाएगी साथ ही हवाई यात्रा के लिए भी आसानी होगी। पत्र में अम्बिकापुर दिल्ली सुपर फास्ट ट्रेन का ठहराव बिश्रामपुर स्टेशन में नहीं देने से नगर समेत आसपास के यात्रियों को हो रही असुविधा पर ध्यान आकर्षित कर बिश्रामपुर स्टेशन में इसके ठहराव की मांग के साथ इसका नाम सरगुजा सुपर फास्ट एक्सप्रेस किए जाने की मांग की है। सरगुजा नागरिक अधिकार मंच के सदस्यों अंशुमान तिवारी, प्रदीप गर्ग, रामरतन मित्तल, वीरेश सिंह, जतिन तायल, अशोक जिंदल, रामचंद्र गोयल ने प्रेषित पत्र को संज्ञान में लेते हुए पीएमओ से आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

---

## जल-जीवन मिशन में कांग्रेस सरकार ने किया घोटाला: अनुराग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



- उप मुख्यमंत्री अरुण साव से प्रदेश प्रवक्ता ने की शिकायत

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अनुराग सिंहदेव ने सरगुजा संभाग में जलजीवन मिशन योजना के कार्यों में की गई गड़बड़ी की शिकायत उप मुख्यमंत्री अरुण साव से की है।

उन्होंने भारत सरकार के नल से जल, जल जीवन मिशन योजना के तहत पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के संरक्षण में पीएचई द्वारा बलरामपुर, सरगुजा व सूरजपुर जिले में किए गए कार्यों में गड़बड़ी की जांच कराने और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की सुलभ व्यवस्था बनाने मोदी सरकार के भागीरथी प्रयास को बुरी तरह से लूटने का प्रयास पूर्व की भूपेश बघेल की कांग्रेस में किया गया है। हजारो करोड़ का काम होने के बाद भी 80 प्रतिशत गांव में लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा है। कहीं पाइप लाइन बिछाकर नल पोस्ट खड़े कर दिए गए है तो कहीं ओवरहेड टैंक ही नहीं है। वहीं कई थानों पर जल स्त्रोत नहीं है। उन्होंने बताया कि सरगुजा के उदयपुर, मैनपाट, सूरजपुर जिले प्रतापपुर, प्रेमनगर, बलरामपुर जिले के शंकरगढ़, कुसमी सहित अन्य स्थानों पर कार्य पूर्ण होने के बाद भी योजना का लाभ आमजन को नही मिल पा रहा है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में इस योजना में निरंतर भ्रष्टाचार बंदरबांट की शिकायत प्राप्त हो रही थी। जमीनी स्तर पर काम होने के बाद भी यह योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है। यही कारण है कि ग्रामीणजन हैंडपंप की मांग करते नजर आ रहे हैं।

भाजपा सरकार अस्तित्व में आने के पूर्व वर्ष 2021-22 में वर्क आर्डर ले-आउट की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई थी जो ज्यादातर स्थानों पर अपूर्ण है एवं मनमानी कार्य को अमलीजामा पहनाया गया है। उन्होंने मामले में प्राक्कलन और भुगतान के आधार पर जांच कराकर आवश्यक रिकवरी कराने और दोषी ठेकेदार व अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

## घर पर बच्ची ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**राजपुर।** छोटी बच्ची द्वारा घर में फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मरकाडांड निवासी 50 वर्षीय बुधराम 23 जून की सुबह खेत पर काम करने के लिए गया हुआ था और उसकी बहु सुनीता ईंट भट्ठा गई हुई थी व पुत्र श्याम लाल भी राजपुर गया हुआ था। घर पर उसकी 11 वर्षीया नातिन विनीत उर्फ राधा आ. श्याल लाल गोंड मौजूद थी। सुबह लगभग 9 बजे बच्ची का पिता श्याम लाल घर पहुंचा तो घर का दरवाजा अंदर से बंद था। ऐसे में उसने अपनी बेटी को आवाज लगाई। अंदर से कोई आवाज नहीं आने और दरवाजा नहीं खुलने पर श्यामलाल ने दरवाजे को लात मारकर तोड़ा। युवक जब अंदर पहुंचा तो उसकी बेटी घर के म्यार में साड़ी के सहारे फांसी से लटकी हुई थी। बेटी को फांसी पर झूलता देख पिता ने शोर मचाकर पड़ोसी शिव बालक को बुलाया और बच्ची को उन्होंने फांसी से नीचे उतारा लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई थी। मृतिका के दादा ने घटना की सूचना पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर लाश को पीएम उपरांत परिजन के सुपुर्द कर दिया है लेकिन छोटी बच्ची द्वारा आत्महत्या करने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। इस घटना से परिजन सदमें में है। पुलिस द्वारा पीएम रिपोर्ट के आधार पर वस्तु स्थिति स्पष्ट होने की बात कही जा रही है।

## खड़े ट्रक से डीजल चोरी करने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

थाने के समीप खड़े ट्रक से डीजल चोरी करने के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी का गिरोह मध्यप्रदेश से सरगुजा आकर डीजल चोरी की वारदात को अंजाम दे रहा था। पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में जुट गई है।

बताया जा रहा है कि झारखण्ड गढ़वा अंतर्गत धंगरडिहा निवासी इसरार अंसारी 22 जून को अपने ट्रक क्रमांक सीजी 30 ए 0103 को लेकर दुर्ग जा रहा था। इस दौरान चालक रात के समय अपने ट्रक को मणीपुर थाना के समीप सांड़बार बेरियर सिंह ढाबा के समीप खड़ा कर सो गया था। देर रात डीजल टंकी से आवाज आने पर जब चालक उठा तो दो अज्ञात युवक ट्रक से डीजल चोरी कर रहे थे। चालक ने शोर मचाया जिसके बाद अन्य लोग भी मौके पर पहुंच गए लेकिन चोर भागने लगे। चालक व अन्य लोगों ने चोरों का पीछा किया लेकिन वे भागने में सफल रहे। इस दौरान उन्होंने ट्रक से 140 लीटर डीजल पार कर दिया था। चालक द्वारा घटना की जानकारी पुलिस को दी गई।

## लकवाग्रस्त वृद्ध की जलने से हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

लकवाग्रस्त एक वृद्ध की रविवार को घर में जलकर मौत हो गई है। जयनगर पुलिस ने बताया कि ग्राम पंचायत पेंडरखी निवासी 75 वर्षीय जंगी दास पिता गंवटिया दास पिछले तीन महीने से लकवाग्रस्त बीमारी से पीड़ित था। वृद्ध को घर में देखरेख का कार्य उसका भतीजा लक्ष्मण दास करता था।

इसी बीच रविवार की दोपहर में वृद्ध के बिस्तर में आग लगने से उसकी मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस ने शव पंचनामा उपरांत मामले में मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

## कबीर पंथ कार्यक्रम में शामिल हुई सामरी विधायक उद्धेश्वरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमी



सामरी विधायक उदेश्वरी पैकरा की मुख्य आतिथ्य में कुसमी सेमरा के कबीर पंथ धर्म के अनुयायियों द्वारा पूजा अर्चना का कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में विकासखंड के बड़ी संख्या में ग्रामीण श्रद्धालु शामिल हुए। इस बीच श्रद्धालुओं द्वारा रैली निकाली गई। आज के कबीर पंथ पूजा अर्चना कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सामरी विधायक उदेश्वरी पैकरा सहित उपस्थित सभी अतिथियों का सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ स्वागत किया गया। कार्यक्रम में विधायक उदेश्वरी पैकरा द्वारा लोगों को गुरु के बताए हुए मार्ग में चल कर जीवन को सुदृण बनाने की बात कही। वहीं कबीर पंथ के पदाधिकारियों द्वारा गुरु के द्वारा बताए हुए मार्ग पर चलने से मानव जीवन सफल होने की बात कही। विधायक से सेमरा के कबीर पंथ के लिए एक मंगल भवन स्वीकृत कराने की मांग रखी गई जिस पर सामरी विधायक उदेश्वरी पैकरा द्वारा मंगल भवन की व्यवस्था भविष्य में स्वीकृत कराने का आश्वासन दिया।

## कुमदा खदान स्थित कच्ची पुलिया का नहीं हो सका निर्माण, ह्यूम पाइप के सहारे चल रहा आवागमन

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर के कुमदा सहक्षेत्र में सात आठ खदान के समीप नाला पर बना ह्यूम पाईप कच्चा पुलिया लंबे समय से प्राईवेट ठेकेदार व कम्पनी सिविल विभाग के लिए कमाई का जरिया बना हुआ है।गौरतलब है इसी पुलिया से कोल खदान के अधिकारी व कर्मचारी समेत दर्जनों गांव के ग्रामीण यहां से आना जाना करते है। कम्पनी प्रबंधन उक्त कच्ची पुलिया में अब तक कोई स्थाई काम कराने में विफल रही है नतीजतन यहां पर हर बरसात के बाद नया ह्यूम पाइप लगाकर काम दिखाया जाता है और सम्बंधित ठेकेदार व सिविल विभाग का मुनाफ़ा हो जाता है। प्राप्त जानकारी अनुसार उक्त अस्थाई काम कराने को लेकर कई बार कम्पनी से बिलिंग हो चुकी है,स्थानीय ग्रामीणों अनुसार इतनी रक़म खर्च करने पर उक्त पुलिया पर स्थाई पक्का काम कराया जा सकता था ।बताया जाता है कि हर वर्ष बरसात के पूर्व कम्पनी प्रबंधन इसका नया निर्माण कराना दर्शाती है,फिर इसमें कई लाख रुपए खर्च होने की बिलिंग होती है।

---

शादी-विवाह के सीजन में बढ़ी यात्रियों की भीड़

# सूरजपुर में बगैर फिटनेस दौड़ रही अधिकांश यात्री बसें

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

**खास बात**

- कभी भी हो सकती है बड़ी दुर्घटना

शादी विवाह का सीजन शुरू होते ही बसों में यात्रियों की संख्या में बढ़ोत्तरी हो जाती है। ऐसे में वाहन का फिटनेस सही न हो तो यात्रियों को न सिर्फ परेशानी होती है बल्कि कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। हैरानी की बात यह है कि जिले के सड़कों पर दौड़ने वाली अधिकांश यात्री बसें कंडम है बावजूद इसके सभी रूट में आवागमन करती है जिससे हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। हैरानी की बात यह है कि सड़क पर दौड़ रहे कई यात्री बसों के पुराने हो जाने के बावजूद परिवहन विभाग द्वारा आज तक न तो वाहनों के मेंटेनेंस की जांच की और न किसी प्रकार कार्रवाई की गई जिससे संचालकों के हौसले बुलंद है।



कंडम बस में सवारी बैठाता क्लीनर।

बस स्टैण्ड से हर रोज सैकड़ों की संख्या में यात्री बस आवागमन करती है जो जिले के अलावा दूसरे शहर सहित अन्य राज्यों में यात्रियों को लाने ले जाने रवाना होती है। जिले में ही लगभग 2 सौ से अधिक यात्री बसें बस स्टैंड से रवाना होती है। इन बसों में दूर-दराज सफर करने वाली बसों का फिटनेस लम्बे सफर के कारण काफी हद तक ठीक होती है परंतु नगर से लगभग 30 से 40 किलोमीटर के क्षेत्र में सफर करने वाली यात्री बसों का फिटनेस भगवान भरोसे ही होता है। समय पर मेनटेंस नहीं होने से कई बार यात्री बसे बीच रास्ते ही जवाब दे देती है या फिर वाहन में किसी प्रकार की खराबी आ जाती है।

**की जाती है वाहनों की जांच**

यात्री बसों के अलावा अन्य वाहनों की फिटनेस की जांच समय-समय पर की जाती है। जो यात्री बसें कंडम होती है उसे दुरुस्त करने के निर्देश संचालक को दी जाती है। जिले में कंडम बसें सड़क पर दौड़ रही है तो उन पर कार्रवाई की जाएगी।

-अनिल कुमार भगत
जिला परिवहन अधिकारी

## दिव्यांग से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** नाबालिग के दिव्यांग होने का फायदा उठाकर युवक द्वारा जबरन दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। घटना का खुलासा तब हुआ जब किशोरी गर्भवती हो गई। परिजन की पूछताछ के दौरान बोलने और सुनने में असमर्थ किशोरी अपनी मां को लेकर आरोपी युवक के घर तक पहुंच गई। इस घटना की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। लखनपुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना अंतर्गत रहने वाली महिला ने पुलिस से शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी नाबालिग बेटी जन्म से गूंगी और बहरी है। कुछ माह पूर्व उसकी मां ने गर्भावस्था के बारे में पूछा तो युवती ने बुधराम के घर की ओर इशारा किया और अपनी मां को लेकर बुधराम के घर ले गई जहां उसने बुधराम के पुत्र कौशल का हाथ पकड़ लिया और इशारों में मां को बताया कि एक वर्ष पूर्व युवक ने शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया और फिर लगातार वह उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। महिला 21 जून को पुलिस के पास अपनी पुत्री के साथ पहुंची थी। महिला की शिकायत पर पर पुलिस ने जांच उपरान्त लखनपुर कोसगा निवासी 24 वर्षीय कौशल आ. बुधराम को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया।



24-Jun- Jash-CORIYA-RAG-JANJ-Bhoomi pg-3_Layout 1 6/24/2024 8:19 PM Page 1





# 27 साल बाद वादा निभाने आ रहा है फौजी...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सन्नी देओल ने अपनी आने वाली फिल्म बार्डर 2 का अनाउंसमेंट वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। जेपी दत्ता के निर्देशन में बनी सुपरहिट फिल्म बार्डर वर्ष 1997 में रिलीज हुई थी। फिल्म 'बॉर्डर' में सन्नी देओल,अक्षय खन्ना, सुनील शेट्टी,जैकी श्रॉफ, पूजा भट्ट, राखी, तब्बू समेत कई कलाकार नजर आये थे। फिल्म बार्डर 2 का निर्माण भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, जेपी दत्ता और निधि दत्ता करेंगी और निर्देशन अनुराग सिंह करने वाले हैं। सन्नी देओल ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर फिल्म बार्डर के सीक्वल बॉर्डर 2 का अनाउंसमेंट वीडियो शेयर किया है।

लाइफ Style



# पायल

## रेलवे में यात्रियों के लिए क्लाउड किचन किया लांच

इंडियन एक्ट्रेस और रियलिटी टीवी स्टार पायल रोहतगी, जिनका बेबाकपन उनके व्यक्तित्व की पारदर्शिता दर्शाता हैं। सच्चाई तो यह है कि अब एक्टिंग ही पायल की सफलता का दायरा नही हैं बल्कि अब ये एक बिज़नेस वीमेन भी बन चुकी हैं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

जी हां पायल ने भारतीय रेलवे में यात्रियों की सेवा के लिए क्लाउड किचन लॉन्च करके एक महत्वपूर्ण उद्यमशीलता की छलांग लगाई है। इस पहल का उद्देश्य ट्रेन यात्रियों के लिए उनके सफर के दौरान ताज़ा तैयार, उच्च गुणवत्ता वाला भोजन उपलब्ध कराकर उनके खाने के अनुभव को बेहतर बनाना है। पायल रोहतगी ने मनोरंजन उद्योग में एक उल्लेखनीय करियर बनाया है, वह हिंदी फिल्मों और बिग बॉस और लॉक अप जैसे रियलिटी टीवी शो में दिखाई दी हैं, जहाँ वह उपविजेता रहीं। अपने मनोरंजन के शौक से परे, पायल के पास कंप्यूटर इंजीनियरिंग की डिग्री है और वह गुजरात बोर्ड में शीर्ष स्कोरर थीं, जिसने उनकी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। एक साल पहले, पायल ने आगरा में एक समारोह में अंतरराष्ट्रीय पहलवान संग्राम सिंह के साथ शादी के बंधन में बंधी, जो उनके निजी जीवन में एक नया अध्याय था। पायल ने परियोजना के बारे में कहा क्लाउड किचन भोजन की समय पर और कुशल डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए भारतीय रेलवे के व्यापक नेटवर्क का उपयोग करेगा। हमारी क्लाउड किचन अवधारणा हमें यात्रियों को स्वादिष्ट, पौष्टिक भोजन प्रदान करने की अनुमति देती है, जिससे वे उच्च गुणवत्ता वाले भोजन के साथ अपनी यात्रा का आनंद ले सकें।

## हॉलीवुड मसाला



# नहीं रहे सुपरस्टार डोनाल्ड...

**लॉस एंजिलस।** फिल्मी दुनिया से एक बुरी खबर सामने आ रही है. कनाडा के सबसे बहुमुखी और प्रतिभाशाली एक्टर्स में से एक डोनाल्ड सदरलैंड का 88 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। उन्होंने 'ऑर्डिनरी पीपल' और 'हंगर गेम्स' जैसी फिल्मों में काम किया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार लॉस एंजिल्स में फेमस एक्टर ने लंबी बीमारी के बाद दुनिया को अलविदा कह दिया। एक्टर के निधन की जानकारी उनके बेटे किफर सदरलैंड ने दी।



# अब फ्रांस व ब्रिटेन में भी रिलीज होगी 'गर्ल्स विल बी गर्ल्स'...

**लॉस एंजिलस।** ऋचा चड्डा और अली फजल बॉलीवुड के पावर कपल हैं। यह जोड़ी एक तरफ अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में हैं, तो वहीं अपने प्रोडक्शन में बनी फिल्म 'गर्ल्स विल बी गर्ल्स' को लेकर लगातार सुर्खियों में हैं.।यह फिल्म इंटरनेशनल लेवल पर धूम मचा रही है। अब यह जल्द ही फ्रांस और ब्रिटेन में रिलीज होगी। बता दें 'गर्ल्स विल बी गर्ल्स' का डायरेक्शन शुचि तलाठी ने किया है। 'गर्ल्स विल बी गर्ल्स भारत के पुशिंग बटन स्टूडियो, फ्रांस के डोल्से वीटा फिल्म्स और ब्लिंक डिजिटल के बीच एक इंडो-फ्रेंच सह-निर्माण है। इस मौके पर ऋचा ने कहा, 'हमें यह देखकर बेहद गर्व है कि 'गर्ल्स विल बी गर्ल्स को ग्लोबल प्लेटफॉर्म पर काफी सराहा जा रहा है। हम फ्रांस और यूके की ऑडियंस के फीडबैक को जानने के लिए एक्साइटेड हैं जो इसे सबसे पहले एक्सपीरियंस करेंगे। एक्ट्रेस ने कहा कि 'वह फिल्म को ग्लोबल लेवल पर मिल रहे प्यार से बेहद खुश हैं।



# 'नागवधू-एक...' में नजर आएंगी पोलोमी

**मुंबई।** टीवी की मशहूर एक्ट्रेस पोलोमी दास ने 'पौराशपुर', 'नागिन 6' और 'बारिश' जैसे शो से दर्शकों के दिलों में अपनी जगह बनाई है। वह जल्द ही 'नागवधू-एक जहरीली कहानी' में नजर आएंगी। उन्होंने शो में अपने किरदार सनवरी के बारे में खुलकर बात की और कहा कि यह सीरीज एक महिला के संघर्ष को दिखाती है। पोलोमी ने कहा, "मेरा किरदार सनवरी भारत के एक छोटे से गांव में रहती है। उसका पूरा गांव बहुत सारे अंधविश्वास के साथ जीता है। वह शादीशुदा है। शो की कहानी उसकी जिंदगी में शादी के बाद आए बदलाव पर आधारित है। वह अंदर से पूरी तरह से टूट चुकी है। 'नागवधू-एक जहरीली कहानी' सीरीज एक ऐसी महिला के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसको लेकर चर्चाएं हैं कि वह जिस भी लड़के के साथ रात बिताती है, उसकी हत्या कर देती है।



# 'घायल शेर...' गर्दा काटने आ रहे हैं गुड्डू भैया

**नई दिल्ली।** पॉपुलर क्राइम-ड्रामा सीरीज 'मिर्जापुर' के तीसरे सीजन का इंतजार कर रहे फैंस को मेकर्स ने सरप्राइज दिया है। दरअसल मेकर्स ने जहां इस सीरीज की रिलीज डेट अनाउंस कर दी है तो वहीं 'मिर्जापुर 3' की पहली झलक टीजर से सामने आ गई है। मेकर्स ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लिखा है-" मिर्जापुर सीजन 3 का प्रबंध कर दिए हैं, डेट नोट कर लीजिए, मिर्जापुर प्राइम पर 5 जुलाई को रिलीज होने वाली है। इसमें पंकज त्रिपाठी कालीन भैया का अहम रोल प्ले करेंगे। साथ ही सबके चहेते अली फजल गुड्डू भैया के रोल में दिखाई देंगे। इस सीरीज में रसिका दुग्गल, विजय वर्मा, श्वेता त्रिपाठी जैसे कई कलाकार नजर आएंगे। शो में इस बार मुन्ना भैया का रोल निभाने वाले दिव्येंदु शर्मा नजर नहीं आएंगे।

## टीवी मसाला



# बिग बॉस : इस बार हर सीजन से होगा अलग

**मुंबई।** रिएलिटी शो 'बिग बॉस ओटीटी 3' के ग्रैंड प्रीमियर का आगाज जियो सिनेमा पर हो गया है और इस बार शो को फिल्म अभिनेता अनिल कपूर होस्ट कर रहे हैं। इस बार का 'बिग बॉस' बेहद खास होने वाला है, क्योंकि इसमें टीवी-फिल्मों के कलाकार के साथ यूट्यूबर्स और कंटेंट क्रिएटर्स भी अपना दम दिखाने वाले हैं। सबसे खास बात ये है कि इस बार घर के अंदर एक बाहर वाला होगा। यानी जासूस, जो अंदर बैठकर बाहर की खबर रखेगा। रिपोर्ट के मुताबिक, 'बिग बॉस' ने सभी कंटेस्टेंट को बारी-बारी से कन्फेशन रूम में बुलाया और उन्हें मोबाइल फोन दिए। इसके जरिए वह दूसरे कंटेस्टेंट्स से बात कर सकेंगे और बिग बॉस से मैसेज रिसीव कर पाएंगे। इसमें उन्हें समय का भी पता चलता रहेगा। इसमें सिम नहीं होगा। आपको बता दें 'बिग बॉस ओटीटी सीजन 3' का ग्रैंड प्रीमियर 21 जून की शाम 9 बजे हो चुका है।

### लव कटारिया को फोन देकर बिग बॉस ने दी सलाह

बिग बॉस ने लव कटारिया को फोन देते हुए कहा कि वह न तो इसे किसी के साथ शेयर करेंगे और न किसी और सदस्य को दिखाएंगे। न ही अपना पासकोड किसी और को बताएंगे। इस पर एक एप्लीकेशन है, चैट एप्लीकेशन, इससे दूसरे सदस्यों के साथ चैट कर सकेंगे। ये मौका अभी नहीं, बाद में मिलेगा।

### सना सुल्तान हैं शो की पहली जासूस

वहीं, सना सुल्तान, जो कि एजेंट बनकर गई हैं, वह बाहरवाली हैं और उन्हें बिग बॉस के जरिए सारी जानकारी मिलती रहेगी। बिग बॉस ने उन्हें बताया है कि उन्हें इम्युनिटी मिलेगी और उन्हें नॉमिनेट नहीं किया जाएगा लेकिन अगर लोगों को लगता है कि वह जासूसी अच्छे से नहीं कर रही हैं तो उनकी जगह दूसरा कोई कंटेस्टेंट ले सकता है और हर हफ्ते जासूस बदला जाएगा।

### बिग बॉस में इस बार नजर आएंगे ये

बिग बॉस ओटीटी 3' में इस बार काफी कुछ नया देखने को मिलेगा। इस घर में दिल्ली की 'वड़ा पाव गर्ल' चंद्रिका दीक्षित, रूरल एरिया इन्फ्लुएंसर शिवानी कुमारी, यूट्यूबर अरमान मलिक और उनकी दोनों पत्नियां , पत्रकार दीपक चौरसिया समेत कई अलग-अलग चेहरे नजर आएंगे। सलमान खान की जगह अनिल कपूर तो नजर आ ही रहे हैं। इसके अलावा नियमों में भी काफी बदलाव किए गए हैं। अभी फोन और एजेंट वाली चीजें जोड़ी गई हैं। आने वाले समय में और भी कुछ धमाका हो सकता है।

# राजकुमार ने 24 में से दी 17 फ्लॉप फिल्में...



**नई दिल्ली।** साल 2010 में करियर की शुरुआत करने वाले राजकुमार राव आज किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं। अपने करियर में वह अब तक सिर्फ एक ही ब्लॉकबस्टर दे पाए हैं। एक्टर ने अपनी लाइफ में ऐसा भी समय देखा है जब उनके पास फीस भरने तक के पैसे नहीं थे। राजकुमार राव की कई ऐसी फिल्में हैं जिन्होंने बॉक्स ऑफिस पर खास प्रदर्शन नहीं किया। इसमें करीब 17 फिल्में हैं, जो फ्लॉप की कैटेगरी में रहीं। वहीं, सुपरहिट केवल एक फिल्म रही। राजकुमार राव ने अपने 24 साल के करियर में महज एक सुपरहिट फिल्म दी है। उनकी ये फिल्म 100 करोड़ क्लब में शामिल होने वाली पहली फिल्म थी। इतने साल के करियर में राजकुमार ने सिर्फ एक 100 करोड़ी यही एक फिल्म दी थी, जिसका नाम है 'स्त्री'। बॉलीवुड एक्टर राजकुमार राव इन दिनों जान्हवी कपूर संग फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' में नजर आ रहे हैं। अपने 14 साल के करियर में उन्होंने कई हिट और फ्लॉप फिल्मों में काम किया है। करियर की शुरुआत में उन्होंने कई छोटे-छोटे रोल निभाए, लेकिन देखते ही देखते वह इंडस्ट्री के स्टार बन गए। राजकुमार राव ने अपने करियर की शुरुआत साल 2010 में फिल्म 'लव सेक्स और धोखा' से की थी। इसके बाद सालों तक स्ट्रगल करने के बाद उन्हें सही मुकाम मिला और उनके किरदार लोगों को पसंद आने लगे। लेकिन बीते कुछ समय से वह किसी हिट फिल्म में नजर नहीं आए हैं। हालांकि, अपने हर किरदार के लिए वह काफी हार्ड वर्क करते हैं।

# वेब सीरीज में धमाल मचाने के लिए तैयार



**मुंबई।** पिछले कुछ साल फिल्मों, वेब प्रोजेक्ट्स और म्यूजिक वीडियो में धूम मचाने वाली अलंकृता अब वेबसीरीज में धमाल मचाने तैयार हैं। प्रतिभाशाली और मेहनती अभिनेत्री अब अपनी अगली वेब श्रृंखला 'पति पत्नी और कांड' के लिए पूरी तरह तैयार है, जो एमएक्स प्लेयर, अतरंगी और जियो सिनेमा के सहयोग से है। अलंकृता इस प्रोजेक्ट में सुनैना का किरदार निभा रही हैं और हम बेहद उत्साहित हैं। इसके बारे में पूछे जाने पर, अलंकृता ने कहा कि भगवान का शुक्रिया, पिछला साल विशेष रूप से मेरे लिए काफी अच्छा रहा है। मेरे काम को अच्छे पुरस्कारों के साथ मान्य किया गया है और उन्हें नए अच्छे काम के साथ आगे बढ़ाया गया है। टिप्पी विशेष थी और उसके लिए मुझे जो प्यार मिला उसके बाद मैं अपनी अगली फिल्म में कुछ दिलचस्प और अलग करने की उम्मीद कर रही थी और तभी 'पति पत्नी और कांड' मेरे पास आई जिसमें मेरा किरदार सुनैना का है। मैं वास्तव में इस परियोजना में अच्छा प्रदर्शन करने और एक बार फिर अपने दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए उत्सुक हूं।

## पहली पत्नी से तलाक के बाद इन सितारों को दोबारा हुआ प्यार

# बॉलीवुड के इन अभिनेताओं को तलाक के बाद मिला सच्चा प्यार

***मुंबई।*** *बॉलीवुड सितारे अक्सर अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में रहते हैं। इंडस्ट्री में ऐसे कई अभिनेता हैं, जिन्होंने अपनी लंबी शादी के बाद तलाक ले लिया और इसके बाद उन्हें सच्चा प्यार मिला। ऋतिक रोशन जैसे ऐसे कई कलाकार हैं, जिन्होंने अपनी शादी के कई सालों बाद तलाक लिया। पहली पत्नी से तलाक के बाद इन सितारों को दोबारा प्यार हुआ और अब वे अपनी जिंदगी में बेहद खुश हैं। आइए उनके बारे में जानते हैं।*



**ऋतिक रोशन :** ऋतिक और सुजैन खान ने 2013 में शादी के 13 साल बाद अलग होने का फैसला किया था। उनकी लव मैरिज साल 2000 में हुई थी, जिसके बाद दोनों के 2 बेटे हुए। तलाक के बाद अब ऋतिक और सुजैन दोनों को ही प्यार मिल गया है। ऋतिक इन दिनों अभिनेत्री सबा आजाद को डेट कर रहे हैं, जो उनसे 12 साल छोटी हैं। ऋतिक और सबा अक्सर एक-दूसरे पर प्यार लुटाते दिखते हैं।



**अर्जुन रामपाल :** अभिनेता अर्जुन रामपाल अपनी पेशेवर जिंदगी के साथ-साथ अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी खूब सुर्खियां बटोरते हैं। उन्होंने 1998 में सुपरमॉडल मेहर जेसिया से शादी की थी। दोनों की शादी 20 साल चली और 2019 में उनका तलाक हो गया। अर्जुन और मेहर की 2 बेटियां हैं। मेहर से तलाक के बाद अर्जुन का अफेयर साउथ अफ्रीकी मॉडल गैब्रिएला से शुरू हुआ। दोनों पिछले काफी वक्त से लिव इन में रह रहे हैं और उनके 2 बेटे हैं।



**सैफ अली खान और अरबाज खान :** सैफ अली खान ने 1991 में अभिनेत्री अमृता सिंह से शादी की थी। 13 साल बाद 2004 में दोनों का तलाक हो गया और सैफ ने करीना कपूर के साथ अपना घर बसाया, जिनके साथ उनके 2 बेटे हैं। उधर अरबाज खान और मलाइका अरोड़ा ने 18 साल तक शादी में रहने के बाद 2016 में अलग होने का फैसला किया। उनका एक बेटा है। 2023 अरबाज ने खुद से 25 साल छोटी मेकअप आर्टिस्ट शूरा खान से शादी की।





**पुलकित सम्राट और फरहान अख्तर :** पुलकित सम्राट ने 4 साल की डेटिंग के बाद अभिनेत्री कृति खरबंदा से इसी साल शादी रचाई। इससे पहले उन्होंने 2014 में सलमान खान की राखी बहन श्वेता रोहिरा से शादी की थी, लेकिन शादी के 11 महीने बाद दोनों अलग गए थे। दूसरी ओर फरहान अख्तर ने 1998 में सेलेब हेयरस्टाइलिस्ट अधुना भबानी से शादी की थी। 16 साल साथ रहने के बाद उनका तलाक हुआ। फिर फरहान को शिबानी दांडेकर से प्यार हुआ। 2022 में उनकी शादी हुई।



## खबर संक्षेप




### 2 थाना इंचार्ज समेत 49 जवानों के बदले थाने

रायगढ़। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने विभागीय कामकाज में कसावट लाने दो निरीक्षकों सहित 49 पुलिसकर्मियों का तबादला आदेश जारी किया है। एसपी ने दो थानेदारों के प्रभार में फेरबदल किया है तो वहीं तीन उपनिरीक्षक, 6 सहायक उप निरीक्षक व 10 प्रधान आरक्षक एवं 23 आरक्षकों का ट्रांसफर किया है। एसपी श्री पटेल द्वारा जारी तबादला सूची के अनुसार भूपदेवपुर थाना प्रभारी रामकिकर यादव अब धर्मजयगढ़ के नये थाना प्रभारी होंगेए वहीं निरीक्षक कमला पुसाम को भूपदेवपुर थाना का प्रभार सौंपा गया है। एसपी कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार भूपदेवपुर थाना प्रभारी रामकिंकर यादव को धर्मजयगढ़ व निरीक्षक कमला पुसाम को भूपदेवपुर का प्रभार दिया है। इसी कड़ी में उप निरीक्षक अमरनाथ शुक्ला को कोतवाली से थाना खरसिया, उप निरीक्षक ऐनु कुमार देवांगन को थाना खरसिया से कोतवाली व उप निरीक्षक गिरधारी साव को रक्षित केंद्र से जूटमिल थाना में पदस्थ किया है।

### ट्रेलर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

रायगढ़। ट्रेलर चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए एक बाइक सवार युवक को अपनी चपेट में ले लिया जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम सिसरिंगा निवासी रघुनाथ राठिया पिता रतिराम राठिया सिसरिंगा निवासी ओसिम खान के बीज भंडार दुकान में काम करता था। जिससे रोज की तरह 21 जून को भी रघुनाथ दुकान में काम करने के लिए गया था। इस दौरान दुकान के काम से दुकानदार के बाइक को लेकर धरमजयगढ़ आया था जहां से शाम करीब सात बजे वापस जा रहा था इस दौरान चिकटवानी मोड़ के पास धरमजयगढ़ पत्थलागांव मेन रोड में पहुंचा ही था कि पत्थलगांव की ओर से तेज रफ्तार में आ रही हाईवा क्रमांक सीजी.10 बीएच 9396 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाईक सवार रघुनाथ राठिया को जोरदार ठोकर मार दिया। राहगीरों ने देखा तो तत्काल इसकी सूचना धरमजयगढ़ पुलिस को दियाए जिससे पुलिस उसके शव को अस्पताल भेजते हुए घटना की सूचना उसके परिजनों को दिया।

## पेज 1 का शेष...

### गौ हत्या के ...

40 किलो मांस का टुकड़ा एवं मौके पर बैल का चमड़ा सहित सिंग लगे हुए व बैल के चारों पैर खुर मौके पर पाया गया। आरोपियों के द्वारा धारा 429 एवं छग कृषि पशु परि अधि. 2004 की धारा 4, 5,10 का अपराध घटित करना पाए जाने पर उन्हें अभिरक्षा में लिया गया। साथ ही घटना स्थल से कुल लगभग 90 किलो मांस बरामद कर गवाहों की उपस्थिति में जब्त किया गया। आरोपियों से पूछताछ करने पर बैल पशु का मांस के लिए वध करना स्वीकार किये तथा घटना में प्रयुक्त आरोपियों के कब्जे से मेमोरेण्ड के आधार पर सनातन लकड़ा से एक नग लोहे का धारदार चाकू तथा सेबेस्टीन तिग्गा से लोहे का धारदार चाकू एवं प्लास्टिक रस्सी, पैकस लकड़ा से लोहे का धारदार चाकू, संतोष लकड़ा से मांस बिक्री करने का नगद रकम 400 रू, लोहे का कुल्हाड़ी एवं मांस रखकर काटने का लकड़ी का चैकोर कुण्डा के साथ उनके द्वारा घटना स्थल पर लाए गए मोटर सायकल सुपर स्पेलेण्डर सीजी 14 एमएम 9212 स्कूटी प्लेजर क्रमांक सीजी 12 एल 5195, स्कूटी सीजी 14 एच 0875 एवं स्कूटी मेस्ट्रो सीजी 14 एमपी 3865 कुल 04 नग दो पहिया वाहन एवं लगभग 90 किलो गौ मांस (पैर एवं खुर सिंग, चमड़ी सहित) जप्त किया गया आरोपी सदर के विरूद्ध अपराध घटित करना पाये जाने पर उन्हें 23 जून को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। विवेचना कार्रवाई एवं आरोपियों की गिरफ्तारी में उपुअ सुरक्षा विजय सिंह राजपूत, उनि अशोक कुमार यादव, सउनि राजेश यादव , 352 मनोज कुमार भगत, संजय नागवंशी, सुरेश एक्का, सुशील तिर्की, मधुरवीणा खाखा, शिवचंद भगत, अनसेलेम, 773 प्रकाश मिंज, संजय साय, सैनिक जोगेन्द्र यादव का विशेष योगदान रहा है।

**कार्यालय, सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र - जशपुर (छ. ग.)**

**-:: आम सूचना ::-**

सर्व सामान्य आम जनता को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र – जशपुर द्वारा अटल विहार योजना गम्हरिया जिला जशपुर (छ.ग.) में निर्मित MIG भवनों में से भवन क्रमांक Jr. MIG-II-09 का आबंटन एकमुश्त आधार पर इस कार्यालय का आबंटन आदेश क्र. 481 दिनांक 23.03.2017 के तहत श्री शिव राम दूबे पिता- श्री स्व. राम दुलार दूबे के नाम से आबंटित है ।

आबंटिती श्री शिव राम दूबे द्वारा भू-खण्ड/ भवन को फ्री होल्ड कराने हेतु निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति, शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्था को नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो आम सूचना प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन दिवस में आवेदन प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के पश्चात कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी ।

दिनांक 21/06/2024

**सम्पदा अधिकारी**

# रेलयात्रा कर बताएं कैसा रहा आपका सफर, सरकार देगी पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रेलगाड़ी की यात्रा को सबसे सुखद व आरामदायक माना जाता है। यह यात्रा करने के बाद लोग घरों में बैठकर व मित्रों के साथ अपनी यात्रा का अनुभव साझा करते है। जिसमें बताते हैं कि रेलगाड़ी में क्या क्या सुविधाएं नई आई है, रेलगाड़ी की सफाई, प्लेटफार्म की व्यवस्था सहित अन्य बातें शामिल होती है।

अलग खबर

अब ऐसे ही रेलयात्रा के वृत्तांत सुनाकर आप पुरसकार जीत सकते है। वह भी 10 हजार रुपए तक। यह योजना रेलवे की ओर से रेल यात्रा को अधिक बेहतर बनाने के लिए अखिल भारतीय स्तर पर पर चलाई जा रही है। इस योजना का एक उद्देश्य हिन्दी भाषा को बढ़ावा देना भी है।

**रेल यात्रा वृत्तांत पुरस्कार योजना**



**ऐसा होना चाहिए वृत्तांत**

यात्रा वृत्तांत हिंदी भाषा और मौलिक होना चाहिए। वृत्तांत में कम से कम 3000 व अधिकतम 3500 शब्द होने चाहिए। वृत्तांत के प्रारंभ में एक कागज पर बड़े अक्षरों में नाम, पदनाम, आयु, कार्यालय निवास का पता मातृभाषा तथा संपर्क के लिए मोबाइल नंम्बर ई मेल आदि का उल्लेख किया जाना चाहिए।

**पेश करना होगा घोषणा पत्र**

भाग लेने वाले केन्द्र व राज्य सरकार के कार्मिकों को एक घोषणा पत्र प्रस्तुत करना होगा। जिसमें यह बताना होगा कि उनके खिलाफ कोई अनुशासनात्मक मामला लम्बित नहीं है। सभी प्रतिभागियों को यह भी उल्लेख करना होगा कि संबंधित रेल यात्रा वृत्तांत मेरी मौलिक रचना है। इसे किसी अन्य पुरस्कार योजना के तहत पुरस्कृत नहीं किया गया है।

**इतना मिलेगा पुरस्कार**

प्रथम पुरस्कार एक 10,000 रुपए, द्वितीय पुरस्कार एक 8,000 रुपए, तृतीय पुरस्कार एक 6,000 रुपए, प्रेरणा पुरस्कार पांच 4,000 रुपए।

प्रतियोगी अपनी प्रविष्टि दो प्रतियों में 31 जुलाई तक सहायक निदेशक हिंदी प्रशिक्षण कमरा नं. 316, कॉफमो रेल कार्यालय परिसर तिलक ब्रिज, आईटीओ, नई दिल्ली को भिजवा सकते है।रेलवे प्रशासन की ओर से सीपीआरओ अंबिकेश साहू ने बताया कि रेल मंत्रालय रेलवे बोर्ड की ओर से सभी भारतीय नागरिकों के लिए हिंदी भाषा में रेल यात्रा वृत्तांत योजना 2024 के तहत रेल यात्रा के सम्बंधी अनुभव आमंत्रित किए जा रहे हैं। जिसमें हिंदी में लिखित सर्वोत्तम रेल यात्रा वृत्तांतों के विजेताओं को पुरस्कार दिए जाएंगे। यह पुरस्कार योजना राष्ट्रीय स्तर पर संचालित हो रही है।

### अस्पताल से मर्ग डायरी थाने पहुंचने में देरी

# शव का पीएम कराने भटकते रहे परिजन, अंत में नहीं हो सका पीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कोतरा रोड थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम काशीचुंआ निवासी युवक की मेकाहारा में मौत के बाद परिजनों को पोस्टमार्टम कराने के लिए जिला अस्पताल में करीब 5 घंटे तक भटकना पड़ा। इसकी बड़ी वजह यह है कि मेकाहारा के चिकित्सक व कर्मचारियों ने मर्ग कायम को निर्धारित समय में थाने ही नहीं भेजा, परिजन लगातार तीन से चार बार मेकाहारा के चक्कर काटते नजर आए। इस लापरवाही की वजह से रविवार को दिन भर भटकने के बाद भी मृतक का पोस्टमार्टम नहीं हो सका।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम काशीचुआं निवासी शंकरलाल खड़िया को शाम को घर के पीछे प्रशाधन सांप ने काट लिया। जिसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी और उसे आनन फानन मे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसका उपचार चल रहा था। किंतु रविवार की दोपहर करीब 12 बजे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। ऐसे में मेकाहारा से पोस्टमार्टम के लिए उसके शव को जिला अस्पताल के शव गृह भेज दिया। किंतु मेकाहारा से मृतक की मर्ग डायरी को कोतरा रोड थाने पहुंचने करीब 5 घंटे का वक्त लग गया। ऐसे में परिजन जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम होने का इंतजार करते रहे। एक से दो घंटे बीत जाने के बाद भी



जब पोस्टमार्टम शुरू नहीं हो सका तो परिजन ने करीब दो से तीन बार मेकाहारा तक यह जानने के लिए भी दौड़ लगा कि आखिर पोस्टमार्टम में देरी क्यों लग रही है। जब वे मेकाहारा पहुंचे तो पता चला कि मेकाहारा से मर्ग डायरी कोतरा रोड थाने नहीं पहुंच सकी है।

वहीं मेकाहारा में कार्यरत एक कर्मचारी ने परिजनों को बताया कि शाम करीब 5 बजे तक पोस्टमार्टम हो पाएगा। ऐसे में परिजन खाली हाथ वापस जिला अस्पताल आ गए। इसी बीच थाने से उन्हें सूचना मिली कि शाम करीब 5.30 बजे मर्ग डायरी प्राप्त हुई और दिन ढलने के बाद पीएम नहीं किया जा सकेगा। वहीं अब चिकित्सक भी जा चुके हैं। ऐसे में परिजनों को बैरंग की वापस अपने घर लौटना पडा।

**एक पीएम करने लग गए 24 घंटे**

मेकाहारा की इस लापरवाही की वजह से मृतक का पीएम रविवार को नहीं हो सका। अब मृतक का पोस्टमार्टम आज होगा। यानी एक शव को पोस्टमार्टम करने में करीब 24 घंटे का वक्त लगा। अहम बात यह है कि पोस्टमार्टम के लिए मर्ग डायरी विलंब से भेजने की इस लापरवाही के कारण यह समस्या परिजनों को झेलनी पड़ी। ऐसा नहीं है कि ऐसा पहली बार हुआ है, इससे पहले भी कई बार इस तरह की लापरवाही मेकाहारा प्रबंधन की सामने आ चुकी है। किंतु इसमें सुधार करने के बजाए ध्यान नहीं दिया जाता है। जिससे मृतकों के परिजनों को बेवजह परेशान होना पड़ता है।

# रेलवे के एक नियम से यात्री हो रहे परेशान अफसरों के पास भी नहीं कोई समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रेलवे का एक नियम इन दिनों रेल यात्रियों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। इसके तहत किराया वसूलने के बावजूद रेलवे यात्रियों को कंफर्म टिकट नहीं दे रहा और उनसे जुर्माना भी वसूल रहा है। हावडा मुंबई रुके पर रायगढ़ से गुजरने वाली ट्रेनों में रोजाना ऐसे यात्रियों की पीड़ा सामने आ रही है।

- रेलवे पहले जारी कर रहा वेटिंग टिकट फिर वसूल रहा यात्रियों से जुर्माना

दरअसल कंफर्म टिकट खत्म होने के बाद भी रेलवे प्रतिदिन हजारों यात्रियों को 100 पार वेटिंग टिकट जारी कर रहा है। लेकिन इस वेटिंग टिकट पर सफर करने पर यात्रियों से जुर्माना भी वसूल रहा है। पहले वेटिंग टिकट के साथ यात्रियों को सफर करने दिया जाता था लेकिन इन दिनों उन्हें कोच से उतारा जा रहा है। इतना ही नहीं उनसे जुर्माना भी वसूला जा रहा है। बिलासपुर मंडल में गत 10 दिन में 2 हजार से ज्यादा यात्रियों से जुर्माना वसूला है। उन्हें जबरन उतारकर रिजर्वेशन कोच से जनरल में भी भेजा जा रहा है। वहां पहले ही भीड़भाड़ रहती है। ऐसे में रेलवे के इस नियम के खिलाफ यात्रियों में आक्रोश बढ़ रहा है। कई यात्री सोशल साइट्स के जरिये पीड़ा जाहिर करते हुए शिकायत भी कर रहे हैं।



**पड़ताल में ट्रेनों में ये हालात नजर आए**

रायगढ से गुजरने वाली ट्रेनों की पड़ताल की तो चौकाने वाले हाल दिखे। ज्यादातर ट्रेनों के जनरल कोच खचाखच भरे थे। वहीं स्लीपर कोच में भीड़ थी लोग गैलरी में बैठकर और खड़े होकर यात्रा करने को मजबूर दिखे। दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, झारखंड, बिहार जाने वाली लंबी रुट की ट्रेनों में स्लीपर श्रेणी में बुकिंग करने पर 80 से 100 तक वेटिंग चल रही है। एसी कोच में बुकिंग में 20 से 50 तक वेटिंग मिल रही है। ऐसी ही स्थिति राजस्थान, जयपुर, ओडिशा और गुजरात जाने वाली ट्रेनों की भी है। हर ट्रेन में वेटिग 80 से 120 तक बनी हुई है।

**शिकायत पर करनी पड़ रही कार्रवाई**

रेलवे अधिकारी सीधे तौर पर तो इस नियम को लेकर कुछ नहीं बोल रहे। हालांकि उनका कहना है कि कंफर्म टिकट वाले यात्री जब शिकायत करते हैं तो कार्रवाई करनी पड़ती है।

## 202 रक्तवीरों ने किया पूर्व विधायक रोशनलाल की जयंती पर रक्तदान




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

नगर के पत्रकार व पूर्व विधायक स्व. रोशनलाल अग्रवाल की जयंती पर 20 जून को उनकी स्मृति में कमलम परिवार द्वारा अग्रोहा भवन में आयोजित विशाल रक्दान शिविर में 202 लोगों ने ब्लड डोनेट किया। इस शिविर में महिलाओं युवतियों व पहली बार ब्लड डोनेट करने वालो में भी उत्साह देखा गया। उन्होंने भी बढ़.चढ़ कर इस कार्यक्रम में हिस्सा लेते हुए रक्तदान किया।

जननेता स्व. रोशन लाल की जयंती के अवसर पर पूरे जिले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए। सेवा ब्लड बैंक के प्रमुख प्रेम साहू व टीम, रायगढ़ ब्लड बैंक के प्रमुख पंकज कश्यप व टीम सहित लक्ष्य ब्लड बैंक के डायरेक्टर डॉ. सोनल केडिया व टीम संस्थापक विमल अग्रवाल रक्तवीर, मेडिकल कालेज के प्रमुख व उनके स्टाफ की देखरेख में शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में रक्तदान शिविर का शुभारंभ रायगढ़ सांसद राधेश्याम राठिया, भाजपा वरिष्ठ नेता सुगनचंद फरमानिया सहित नगर के वरिष्ठ गणमान्य नागरिकों द्वारा किया गया। रक्तदान शिविर में विशेष रूप से वित्त मंत्री ओपी चौधरी, रायगढ़ सांसद राधेश्याम राठिया, राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह, कलेक्टर कार्तिकेय गोयल, परम पूज्य संत रामप्रिय दास, सुगन चंद फ़रमानिया, वकील बाबूलाल अग्रवाल सहित कमलम परिवार के सभी सदस्य थे।

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने रोशनलाल अग्रवाल के छायाचित्र में पुष्पांजलि अर्पित कर लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि स्व. जननेता रोशनलाल अग्रवाल की जयंती पर इस रक्तदान कार्यक्रम से अच्छा कोई दूसरा कार्यक्रम नहीं हो सकता था। रक्तदान मानवता के लिए बहुत जरूरी है। रोशनलाल की जो छवि है। उसी के अनुरूप यहां हर वर्ग और हर समाज के लोग आए हुए हैं, जो कि उनके चाहने वालों के दिल में उनके लिए प्यार व सम्मान को दिखाता है। उनके साथ बिताते पलों को नम आंखों से साझा किया। रक्तवीरों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# व्यापमं की टीईटी परीक्षा में तकनीकी त्रुटि से परेशान हुए विद्यार्थी



रायगढ़। व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा 23 जून को ली गई सीजी टेट उच्च प्राथमिक विभाग के लिए आयोजित परीक्षा में तकनीकी त्रुटि पाई गई। इसकी वजह से परीक्षार्थियों को परेशान होना पड़ा।

वही बहुत से परीक्षार्थियों का उत्तर भी गलत हो गया। इस प्रश्न को देखकर परीक्षार्थी भ्रम में पड़ गए। परीक्षार्थियों का समय भी इसमें बर्बाद हुआ। क्वेश्चन पेपर के सेट डी में प्रश्न क्रमांक 55, 56 और 57 उचित क्रम में नहीं था। प्रश्न क्रमांक 57 में एक हिन्दी में पैराग्राफ दिया गया था। इसे पूरा ध्यान से पढ़ने के बाद ही संबंधित प्रश्नों के उत्तर देने थे। इससे संबंधित तीन प्रश्नू पूछे गए थे। तकनीकी की त्रुटि यह रही कि उत्तर पहले पूछा गया और प्रश्न को बाद में अगले पेज पर प्रकाशित किया गया था। इसके चलते बहुत से परीक्षार्थियों ने पैराग्राफ पढ़े बिना ही उत्तर बना लिया था। इसकी वजह से बहुत से परीक्षार्थी भ्रम में पड़ गए। जिन परीक्षार्थियों ने सचेत होकर इन सभी प्रश्नों को हल किया। उनके ही उत्तर सही हो सके हैं। इस त्रुटि के चलते परीक्षार्थियों को बोनस अंक मिलना चाहिए। अभिभावक संस्कार श्रीवास्तव ने इस संबंध में व्यापम को शिकायत भेज दी है।

**826 ने पीपीटी व 6229 ने दिलाई टीईटी**

छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मंडल द्वारा रविवार को दो पालियों में पीपीटी व टीईटी की परीक्षा आयोजित की गई। जिसमें जिले में 826 परीक्षार्थियों ने पीपीटी की तो दो पालियों में 6 हजार 229 ने टीईटी की परीक्षा दिलाई। इस दौरान दोनो ही परीक्षाओं में कुल 9 हजार 932 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। बता दें कि जिले में पीपीटी की परीक्षा सुबह 9 से 12.15 बजे तक 9.30 से 12.15 बजे तक टीईटी की पहली पाली की परीक्षा हुई। कक्षा 1 से 5 तक अध्यापन करने वालों के लिए दोपहर 2 से 4.45 बजे तक टीईटी तथा कक्षा 6 से 8 तक अध्यापन करने वालों के लिए परीक्षा आयोजित की गई। जिले में पहली पाली में पीपीटी के लिए 7 परीक्षा केन्द्र व टीईटी के लिए 34 इस तरह कुल 41 परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे। जिसमें प्रातः की पाली में पीपीटी की परीक्षा के लिए 7 परीक्षा केन्द्रों में 1 हजार 872 और टीईटी की परीक्षा के लिए 34 परीक्षा केन्द्रों में 9 हजार 861 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इसी प्रकार शाम की पाली में कुल 50 केन्द्रों में 15 हजार 254 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। अहम बात यह रही कि पीपीटी के लिए बनाए गए 7 केंद्रों में पंजीकृत 1862 परीक्षार्थियों में से सिर्फ 826 ने परीक्षा दिलाई और 1 हजार 46 अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार टीईटी सुबह की पाली में 34 केन्द्रों में पंजीकृत 9 हजार 861 परीक्षार्थियों में 6 हजार 233 ने परीक्षा दिलाई, शेष 3 हजार 623 अनुपस्थित रहे। वहीं शाम की टीईटी की परीक्षा में 50 केन्द्रों में 15 हजार 264 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से सिर्फ 9 हजार 991 ने परीक्षा दिलाई।

### ट्रक की चपेट में आकर चालक की मौत

रायगढ़। खलासी द्वारा ट्रक को बैक करने के दौरान चालक उसके चपेट में आ गया, जिससे गंभीर रूप से घायल होने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उसकी मौत हो गई है। घटना की सूचना पर पुलिस ने मामले को विवेचना में लिया है।जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश के बालाघाट जिला अंतर्गत ग्राम लालबहरी निवासी सितेश सहारे पिता राजाराम सहारे विगत दो.तीन साल से महाराष्ट्र के शंकरनगर में रहते हुए ट्रक चलाने का काम करता था। ऐसे में उसने ट्रक क्रमांक एमएच 16 बीसी 7222 में नागपुर से चावल लोड कर गुरुवार को जूटमिल थाना क्षेत्र के सावित्रीनगर में आया था, जहां दिन में चावल खाली करने के बाद ट्रक के नीचे आराम कर रहा था। इस दौरान शाम को ट्रक के खलासी को लगा चालक कहीं गया है, जिससे उसने ट्रक को चालू कर बैक करने की कोशिश कर रहा था। इस दौरान सितेश सहारे के ऊपर ट्रक का चक्का चढने से उसने शोर मचाया तब उसने वाहन को रोककर नीचे देखा तो सितेश गंभीर रूप से घायल हो गया था।




## गर्जना से एक दर्जन इंसुलेटर को नुकसान

रायगढ़। शुक्रवार शाम को तेज गर्जना के साथ बारिश होने से शहर के 2 फीडर के करीब एक दर्जन इंसुलेटर भ्रष्ट हो गए, जिससे आधे शहर की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई और लोग रात भर गर्मी व उमस से बेहाल रहे। हालांकि विद्युत विभाग के कर्मचारियों द्वारा लगातार सुधार करने के बाद शनिवार को सुबह में बिजली व्यवस्था बहाल हो सका। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार से जिले में मानसून की एंट्री हो गई है। जिससे बीती रात तेज अंधड़ व गर्जना के साथ करीब दो घंटे तक झमाझम बारिश हुई, हालांकि उसके बाद बारिश की गति कम हो गई, लेकिन आधी रात तक बूंदाबांदी होती रही। जिससे गर्मी से तो कुछ हद तक राहत मिल गई थी, लेकिन आधे शहर के दो फीडर के करीब एक दर्जन इंसुलेटर गर्जना के चलते खराब हो गए। जिससे बिजली व्यवस्था चौपट होने से लोगों को पूरी रात अंधेरा में रहना पड़ा। हालांकि बारिश बंद होते ही बिजली विभाग द्वारा चार टीम तैयार कर अलग अलग जगहों में सुधार कार्य के लिए भेजा गया। जो पूरी रात सुधार कार्य में लगी रही। कहीं रात तीन बजे तो कहीं सुबह पांच बजे बिजली व्यवस्था बहाल हो सकी। वहीं पूरी रात लाइट बंद होने से उपभोक्ताओं में नाराजगी भी देखी गई। साथ ही अलग अलग मोहल्ले के ज्यादातर लोग पूरी रात बिजली आफिस का चक्कर भी काटते नजर आए। जोन 2 के अंतर्गत बोईरदादर, आईटीआई कालोनी, चक्रधरनगर, चांदमारी सहित अन्य क्षेत्रों में सुचारू रूप से बिजली उपलब्ध कराने के लिए विभाग द्वारा दो फीडर लगाया गया है, लेकिन इसके बाद उपभोक्ताओं को सही तरीके से बिजली नहीं मिल पा रही है।

### पहले बांटे पांच हजार हेलमेट, अब शुरू की कार्रवाई

# बिना हेलमेट 265 दुपहिया चालकों का कटा चालान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने तथा लोगों को खास तौर पर बाइक सवारों को हेलमेट की अहमियत बताने के लिए पुलिस अभियान चला रही है। इसी अभियान के तहत एक ही दिन 265 बाइक सवारों को बिना हेलमेट वाहन चलाने के लिए जुर्माना लगाया गया। इस कार्रवाई में एक ही दिन में रिकार्ड 1 लाख 21 हजार 400 रूपए शमन शुल्क की रिकव्हरी की गई।

बता दें कि जिले की यातायात व थानों की टीम यातायात जागरूकता को लेकर प्रतिदिन वाहन चेकिंग कर मोटर व्हीकल एक्ट की कार्यवाही कर रहे हैं। जिसके तहत बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई करने के साथ ही वाहन चालकों को निःशुल्क हेलमेट भी वितरित किया जा रहा है। हेलमेट की अनिवार्यता और अहमियत का एहसास कराने के लिए वर्तमान में जिला पुलिस लगातार बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई कर रहा है। अहम बात यह है कि बाइक सवारों के दुर्घटनाग्रस्त होने पर कई बार यह देखा गया कि सिर पर अधिक व अंदरूनी चोंटे लगती है, जिसकी वजह से कई बार उनकी जान भी चली जाती है।



यही वजह है कि पुलिस इस अभियान के जरिए हेलमेट की उपयोगिता व अहमियत को बता रही है। शनिवार को विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा की गई कार्रवाईयों में कुल 265 व्यक्तियों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चलानी कार्यवाही की गई। जिसमें 1 लाख 21 हजार 400 रूपए शमन शुल्क प्राप्त हुआ। जिसे राजस्व खाते में जमा किया जाएगा।

**इन थानों मे इतनी कार्रवाई**

जानकारी के अनुसार थाना यातायात 78 प्रकरण, कोतरारोड 32, खरसिया 29, चक्रधरनगर 25, कोतवाली 17, धरमजयगढ़ 15, पूंजीपथरा और तमनार 14-14, घरघोड़ा 12, जूटमिल 10, कापू और लैलूंगा 7-7 तथा भूदेवपुर 5 व्यक्तियों पर कार्यवाही की गई है। मुख्य बात यह है कि चक्रधरनगर, यातायात पुलिस, कोतरारोड खरसिया जैसे थाना क्षेत्रों में अधिक कार्रवाईयां की गई है।

